हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 10 जुलाई 2021, नई दिल्ली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

लक्ष्मण की सलाह

भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण का मानना है कि कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को श्रीलंका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में अंतिम 11 में शामिल किया जाना चाहिए। इससे आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी।

आज का दिन 2008 में केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत स्पेस सेल की घोषणा की।

होम लोन रिफाइनेंसिंग रिपोर्ट के मुताबिक महिला होम लोन का हिस्सा 7.4% बढ़ा

आवास ऋण लेने में महिलाएं आगे

रिपोर्ट

नई दिल्ली | नवनीत दुबे

कोरोना काल में आर्थिक चुनौतियों के बावजूद घर खरीदने को लेकर उपभोक्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। इसके उलट अब वह बड़ा घर खरीदने को ज्यादा तरजीह दे रहे हैं। इस मामले में महिलाएं ज्यादा आगे हैं। वित्त वर्ष 2021 होम लोन रिफाइनेंसिंग रिपोर्ट के मुताबिक महिला होम लोन का हिस्सा 7.4 फीसदी बढ़ा है।

लोन एग्रीगेटर बैंक बाजार की होम लोन रिफाइनेंसिंग रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना संकट की वजह से घर से काम यानी वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ने से अब लोग ज्यादा बड़ा घर खरीदना पसंद कर रहे हैं। वहीं ब्याज दरें एक दशक से भी ज्यादा के निचले स्तर पर होने से उन्हें पहले के मुकाबले अधिक राशि का कर्ज आसानी से मिल रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2021 में औसत होम लोन 26.50 लाख रुपये से बढ़कर 27.30 लाख रुपये पर पहुंच गया है। लेकिन होम लोन के महिला आवेदकों के मामले में औसत राशि 32 लाख रुपये पहुंच गई है। युवा उपभोक्ताओं के लिए अपना घर खरीदने का लक्ष्य पहली प्राथमिकता है।

10 साल के निचले स्तर पर होम लोन की ब्याज दर

23 वर्ष से 45 वर्ष के उपभोक्ताओं के लिए अपना घर शीर्ष प्राथमिकता

32 लाख रुपये औसत होम लोन महिलाओं के मामले में

6.66 फीसदी पर होम लोन दे रही एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस

27.30 लाख रुपये औसत होम लोन सामान्य मामले में

घर खरीदने का अच्छा मौका

रियल एस्टेट कंपनी अंतरिक्ष इंडिया के सीएमडी राकेश यादव ने हिन्दुस्तान को बताया कि कोरोना के बाद खाने–पीने के सामान से लेकर गाड़ी, टीवी, फ्रिज तक महंगे हो चुके हैं लेकिन घरों की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। वहीं, दूसरी ओर स्टील–सीमेंट से लेकर कंस्ट्रक्शन में इस्तेमाल होने वाली अधिकांश वस्तुएं की कीमतें 50 फीसदी से लेकर 70 फीसदी तक बढ़ चुकी है। आने वाले समय में घरों के दाम बढ़ाना डेवलपर्स की मजबूरी होगी। ऐसे में मौजूदा वक्त में घर खरीदारी फायदे का सौदा है।

सस्ते होम लोन का फायदा उठाने का वक्त

क्रेडाई नेशनल (नॉर्थ) के वाइस प्रेसीडेंट और गौड़ ग्रुप के सीएमडी, मनोज गौड़ ने बताया कि होम लोन इन दिनों बेहद कम ब्याज पर आसानी से उपलब्ध हैं। पिछले एक दशक में पहली बार होम लोन की ब्याज दर इतनी कम देखने को मिली है। घर खरीददारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। साथ ही कोरोना महामारी के चलते डेवेलपर्स भी खरीदारों को तमाम ऑफर दे रहे हैं जिससे उनकी इस ओर रुचि बढ़े। बैंकों द्वारा कम ब्याज पर होम लोन के साथ ही डेवेलपर्स भी अत्यधिक छूट व ऑफर के साथ अपनी प्रॉपर्टी को बेचने के प्रयास में जुटे हुए हैं। करोना काल में घरों की बिक्री में मंदी को देखने के बाद डेवेलपर्स ने बाजार में सुधार के साथ अब कमर कस ली है। इसका फायदा घर खरीदार उठा सकते हैं। वहीं घर खरीदारों को रेडी टू मूव प्रॉपर्टी का अच्छा विकल्प है। रेडी टू मूव प्रॉपर्टी के लिए डेवलपर्स तुरंत का ऑफर देंगे जिससे घर खरीदारों को और ज्यादा लाभ मिल सकेगा।

घर खरीदारों के पास तैयार घर चुनने का विकल्प

मोतिया ग्रुप के डायरेक्टर, मुकुल बंसल ने कहा कि मौजूदा समय में ब्याज दरें अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। इसका मतलब है जो लोग अभी लोन लेने की योजना बना रहे हैं उनके लिए हर महीने लो ईएमआई का फायदा मिलेगा। इसके साथ कोरोना महामारी ने घर खरीदारों के पास वाजिब कीमत पर तैयार घर (रेडी–टू–मूव–इन) को चुनने के पर्याप्त मौका दिया है। वास्तव में, पर्याप्त आपूर्ति ने खरीदारों को खरीद फरोख्त कर सस्ती कीमतों पर अपने सपनों के घर खरीदने हेतु उन्हें सक्षम बनाया है।

mint